बरेली, सोमवार
31 अगस्त, 2026
नगर संस्करण

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 3 : TOP

# भरतनाट्यम से श्रीकृष्ण लीला का किया मंचन

P IC: DAINIK JAGRAN INEXT



bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (30 Aug):** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम 'कृष्णा लीला' का मंचन हुआ। इसमें भरतनाट्यम गुरु और उनके विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम के जरिए भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन किया. कार्यक्रम का आरंभ भरतनाट्यम के विद्यार्थी आद्या ग्रोवर, अवंतिका, अंबिका शर्मा, अनिका टंडन, चिरनया गौतम, नायसा अरोरा, प्राग्वी अग्रवाल, शांभवी, वान्या सक्सेना, मैहर, भाव्या बिंदल, संस्कृति चौधरी, सव्या वैश, अनुरति सक्सेना ने 'गोपाला राधे लोला' गीत को अपनी नृत्य शैली में प्रस्तुति से किया. इसके बाद विद्यार्थियों ने 'मधुर मूरति', 'श्री कृष्ण गोविंदा', 'स्वागतम कृष्णा', 'वो कृष्णा है' के साथ 'कलिंगा नरतना तिल्लाना' पर अपने नृत्य के जरिए भाव व्यक्त किया. विद्यार्थियों ने लाइव भरतनाट्यम फ्यूजन पर भी अपने नृत्य कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों की वाहवाही हासिल की. भरतनाट्यम गुरु तनाया भट्टाचार्य भी अपने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने मंच पर पहुंचीं. उन्होंने 'कृष्ण शब्दम' पर अपनी प्रस्तुति दी. संचालन अरुणा गंगवार ने किया. इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डा. एमएस बुटोला, डा. प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे.